AH 2·3

**परियोजना का नाम– जनपद चम्पावत में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, ललुवापानी – बनलेख मोटर मार्ग से नधान मोटर मार्ग (लम्बाई 4.000 किमी0) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनाँक 10.01.2019 को सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0, चम्पावत (एजेन्सी का नाम) के द्वारा ललुवापानी – बनलेख मोटर मार्ग से नधान तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री चतुर सिंह, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री हीरा बल्लभ जोशी, राजस्व उप निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री हरीश टकवाल, अपर सहायक अभियन्ता तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्री चूणामणी जोशी के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1440 (मी0) नाप भूमि, 230 (मी0) सिविल भूमि, 2330 (मी0) वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में नाप भूमि 1.296 हे0, सिविल भूमि 0.281 हे0, वन पंचायत भूमि 1.991 हे0, की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.272 हे0 वनभूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर चुने गये स्थल पर लगभग 30 वृक्ष सुरई, देवदार, चीड़, उतीस प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1300 (मी0) नाप भूमि, 1600 (मी0) सिविल भूमि, 2100 (मी0) वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में नाप भूमि 1.170 हे0, सिविल भूमि 1.36 हे0, वन पंचायत भूमि 1.830 हे0 की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.190 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 41 वृक्ष सुरई, देवदार, चीड़, उतीस एवं बांज प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण ग्राम नधान से गुजरेगा/में स्थित है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 80° 04'08.30''E, 29°19'6.21''N है तथा यह स्थल ललुवापानी – बनलेख मोटर मार्ग के कि0मी0 2.000 से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल नधान है जिसका GPS मान 80°03'34.78''E, 29°18'52.17''N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान 80° 03'27.10''E , 29° 19'03.58''N, 80° 03'53.77''E , 29° 19'03.11''N एवं 80° 03'18.98''E, 29° 18'58.00''N, हैं।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/ नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा / नही होगा ।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु वन पंचायत एवं सिविल सोयम भूमि प्रस्तावित की गई है जो स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान 80° 03'57.40''E, 29° 19'8.40''N, 80° 03'27.03''E, 29 ° 19'3.44''N, 80° 03'43.92''E , 29° 19'0.17''N, 80° 03'18.75''E , 29° 18'57.86''N हैं।

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 2.272 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात् इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्तपूर्ण मार्ग है तथा इस मार्ग के बनने से इस क्षेत्र की जनता का तहसील मुख्यालय एवं जनपद मुख्यालय चम्पावत हो जायेगा।

**नोट– इस रिपोटृ पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।**

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | (वन विभाग) प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि |

राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र – पुल्ला तहसील/जनपद – चम्पावत

सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0 चम्पावत

वन क्षेत्राधिकारी चम्पावत वन क्षेत्र

प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत